नायाब परछाइयाँ



क्रैस्ट कॉलेज(स्वायत्त),इरिञालकुडा
हिन्दी विभाग, ई- पत्रिका 2020 - 2021 ।



नायाब परछाइयाँ

क्रैस्ट कॉलेज के छात्रो ने दिखाई है बहुत सी अच्छाइयाँ ।
ज़रा एक बार पढकर तो देख लो हमारी 'नायाब परछाइयाँ ' ।

विषय सूची

- प्राचार्य का संदेश
- संपादकीय
- आभार
- भूमिका
- रचनाएँ

प्राचार्य का संदेश

प्रिय छात्रों , मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता हो रहा है कि क्रैस्ट कॉलेज के हिन्दी विभाग ' नायाब परछाईयाँ ' (Unique Reflections) नामक एक ई - पत्रिका प्रकाशित करने को आगे बढ़ा है । मैं पूरी ईमानदारी से विभाग अध्यक्षा षीबा वर्गीस , संपादक डॉ.शिवकुमार और उन छात्रों की भी तारिफ करता हूँ , जिन्होंने इस पत्रिका को सफल बनाने लिए कड़ी मेहनत की है । जब हम अपने विचारों को अक्षरों या शब्दों में परिवर्तित करने की कोशिश करेंगे , जैसे कि लेख , कहानियाँ , कविता , उपन्यास , कार्टून , चित्र आदि , तब हम इस विशाल दुनिया से संपर्क करने में सक्षम बन जाऐंगे । हमारी शिक्षा प्रणाली का एक अनिवार्य अंग है सांस्कृतिक प्रगति , जिससे हम अपने विचारों को रूपायित करने के साथ , इसका प्रचार - प्रसार भी सफलता से निभा सकते हैं । कोविड़ महामारी के इस अवसर पर समय का सदुपयोग करके इ - पत्रिका के द्वारा आपकी रचनात्मकता को बढ़ावा देने का प्रयत्न बिलकुल सराहनीय है | एक बार भी हिन्दी विभाग के सारे अध्यापकों और मेरे प्रिय छात्रों को तहेदिल से बधाइयाँ और शुभकामनाएँ । धन्यवाद ।

संपादकीय

आज सारा संसार कोरोना महामारी से ग्रस्त है। इसका घातक असर पूरा संसार देख रहा है । आप अखबारो में या सारे चैनलों पर नज़रे दौडा ले , आपको कोरोना की ही खबरें नजर आएंगी । जिसे देखकर और सुनकर हमारा मन अन्दर से भय खाने लगता है और हम तनाव में आ जाते हैं।

क्राइस्ट कॉलेज के छात्रों ने कोरोना महामारी के बीच अपना विचार बांटने के लिए हिंदी पत्रिका को अपना जरिया बनाया | जिससे उनका तनाव कम हो जाए । सच्चाई यह है कि इस पर कार्य करते हुए समय कैसे गुजर गया । हमें पता ही नहीं चला । इस पत्रिका के कार्य की समाप्ति के बाद सारा वातावरण बदल गया । इस पत्रिका के माध्यम से छात्रों में छुपी हुई योग्यताओं को उजागर करने का प्रयास किया है । उनकी योग्यता और परिश्रम का फल है , हिंदी पत्रिका "नायाब परछाइयां " |

आभार

प्रोफ . षीबा वर्गीस यु

हिंदी विभाग की अध्यक्षा प्रोफ.षीबा वर्गीस इस ई-पत्रिका को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आपने तन मन लगाकर पत्रिका का संपादन किया |

हमारे अन्दर के लेखक को जगाने में डौ.शिवकुमार जी का बड़ा योगदान था | आपने अपना कीमती समय इस ई-पत्रिका की सफलता के लिए दिया |

डौ.शिवकुमार

शुभ चिन्तक

प्रोफ. के के चाको

डॉ.के.एम. जयकृष्णन

डॉ.त्रेसियाम जोसेफ

ई-पत्रिका के सदस्य

STUDENT EDITORS

DITHI C.N
2ND DC ECONOMICS

KRISHNACHANDRAN M
2ND DC FUNCTIONAL ENGLISH

ATHMAJA M
1ST DC FUNCTIONAL ENGLISH

BEJOY JAYARSON
2ND DC PHYSICS

MAGAZINE COMMITTEE MEMBERS

PADMINI C MENON
2ND DC CHEMISTRY

TANISH THOMSON
2ND DC FUNCTIONAL ENGLISH

JOMOL JOHN
2ND DC ECONOMICS

AFEELA MOHAMMED
2ND DC ECONOMICS

MRINAL RAJESH
2ND DC GEOLOGY



LAKSHMI RAMACHANDRAN
2ND DC ECONOMICS

SWAPNA SUDHA
2ND DC ZOOLOGY

PARVATHY N.N
1ST DC ECONOMICS



NIRANJENA ANUP
1ST DC ECONOMICS

रचनाएँ

देशभक्ति गीत

PRADEESHA NP
2ND DC GEOLOGY

मेहमान

" अजी सुनते हो , कुछ बन - ठन के जायिए न , खेती करने थोड़े ही जा रहे हैं " - रसोई में से शॉता की आवास आयी " | क्या बन - ठन के जाऊँ हूँ तो मैं किसान ही न " - रामकिशन चिढ़कर कहाँ । बीवी फिर कुछ ना बोली । रामकिशन रसोई में आकर शाँता से उत्साह से पूछने लगा " तू बता इमलिया के लिए क्या लेते जाऊँ ? " शांता के होठो पर मुस्कुराहट की झलक दिखाई पड़ी , अपने पास पड़े एक पुडिये को रामकिशन के हाथ में थमाकर बोली " यह मोतीचूर के लड्डू है इमलिया को बहुत पसंद है ना , यह लेते जाइए " | " और जमाई बाबू के खातिर ? " रामकिशन थोडे सोच - विचार के बाद पूछने लगा । " तुम यह मोटी रोटी लेकर जाओ " - शांता कुछ देर सोचकर बोल उठी । और वह उन रोटियों को एक थैले में भरने लगी , और फिर रामकिशन के हाथों में थमा दिया । रामकिशन की संशयात्मक नजर को देखकर शाँता बोली – " बिटिया बोल रही थी कि उन्हें बहुत पसंद है , तुम फिकर मत करो । रामकिशन के चेहरे पर आश्वस्त भाव प्रकट हुआ । वह अपनी गर्दनों की झुर्रियों सहला कर बाहर निकल आया |

अब रामकिशन को दो किलोमीटर और चलना है । वह थक गया था , रास्ते के पास ही एक बेंच पड़ी थी । वह बिना समय गवाएं उस पर बैठ गया बिटिया की शादी बहुत बडे खानदान में हुई है । जब इमली को देखने के खातिर ठाकुराइन आयी थी , तो उन्होंने कह दिया कि " हमारे बेटे को आपकी दिकरी पसंद है " । हम तो पहले घबरा गय थे । ये क्या इतने बड़े खानदान के लोग हमसे रिश्ता जोडने के लिए आये है । इमलिया से पूछकर देखा तो पता चला वह दोनों आपस में प्रेम करते हैं । जहां बेटी की खुशी वहां हम क्यों भला मूंह फेरने लगे , करवा दी शादी । ये अलग बात है की गांव के लोगों को यह अच्छा नहीं लगा ।प्रत्येक रुप से सुंदर सिह को , हमारी दिकरी का उनसे पहले लगन हो गया था न , जलते हॅ हमसे ।

बेटी से मिलने की खुशी में वह दो किलोमीटर भी पार कर लिया । रामकिरान ठाकुरों के आलीशान बंगले के बाहर खडा था । वह अंदर घुसने ही वाला या कि दो पहरेदारों ने उन्हें रोक दिया । " ओ चाचा कहाँ घुसे जा रहे है ये ठाकुरो का घर है , तुम जैसों को अंदर तो क्या , गेट के सामने भी नही होना चाहिये " – उनमें से एक पहरेदार बोला ।रामकिशन को गुस्सा आया वह अपनी दाँते कुरेदते हुए बोला – " हम तो रिश्तेदार है , हमारी बिटिया इस घर की बहु है " | वे दोनों पहरेदार ठहाके मारने लगे । फिर एक आवाज आयी " उन्हें अंदर आने दो " ये सुनकर रामकिश का चहरा दमक उठा । एसा लगा रामकिशन के अंदर के जाड़े को पश्मीने की तरह एक सहारा मिल गया हो । वह उनकी बेटी थी इमली ।

बिटिया को देखकर रामकिशन बहुत खुश था , इमनी की आँखों भर आयी थी । रामकिशन अपनी बेटी से प्यार से बोला , " हर लड़की को शादी के बाद पति के घर में रुकना पड़ता है , मै जानता हूं तुम हमें याद करती हो मैं आया ना तुमसे मिलने " । इमली अपने बाबा की बातें सुनकर थोड़ी खुश हुई । अंदर चलते ही ठाकुराइन रागश्वरी और जमाई बाबू ने रामकिशन का आदर सत्कार किया जमाई बाबू उनके पैर पड़के आशीर्वाद लेना चाहा , पर रामकिशन ने खुशी - खुशी मना कर दिया । ठाकुराइन तो अच्छे से रामकिशन से हाल - चाल पूछ रही थी । जमाई बाबू और खाने को बोल रहे थे । बाहर पहरेदारो ने जो बेइज्जती की थी वह सब कुछ भूल गए थे । फिर बेटी के हाथ में लड्डु और रोटी का थैला पकड़ा दिया । बेटी की खुशी से टिमटिमाती चहरे पर - चाँद के दाग सी उदासी रामकिशन को दिखाई पडा । वह पूछने ही वाला था कि जमाई बाबू इमलिया को लेकर चले गए । अचानक ठाकुराइन थोड़े दुख के साथ बोलने लगी कि " भाई साहब हमें माफ़ कीजिए , पहरेदार ने जो भी बदतमीज़ी की उसके लिए । वो दरसल शादी बहुत सरल थी ना इसलिए लोग यह नहीं जानते कि आप हमारी बहु के पिता हैं । " नहीं नही ठाकुराइन कोई बात नही हम समझते हैं - रामकिशन बहुत विनम्रता से बोला । अच्छा मैं अभी आती हूँ मुझे एक फोन करता है " । ठाकुराईन फोन के बहाने से वहाँ से चली गई । अब रामकिशन उस बड़े से हॉल में अकेले क्या करता । रामकिशन यह बात सोचकर खुश था कि अगर ठाकुरआईन मेरी इतनी अच्छे से सेवा करती है , तो इमलिया को तो रानी बनाकर रखती होगी ! बहुत खुशनसीब है मेरी बेटी " । तभी रामकिशन को अपनी बेटी के चेहरे की उदासी याद आ गई । " कहा है वह ? | रामकिशन सबर की सीमा पर खडा था , वह तुरंत सोफे में से उठा और हॉल से निकल आया , वह नजारा देखकर रामकिशन चौक गया । " बाप रे ! इतनी बड़ी रसोई घर , इतने सारे मशीने यहां तो सोने के लिए गद्दे बिछाने की भी जरूरत नहीं है । शाँता होती तो कहती कि , " हमें सिर्फ यही कमरा चाहिए सारी जिंदगी कट जाएगी " । वह जितना दूर चलता , उतना ही आश्चर्य उसके मन में भरता । राजाओं की तस्वीरें , उनकी तलवारे तीर और कमान इत्यादि चीजें रखी हुई थी ।रामकिशन ने अनुमान लगाया कि इमलिया का कमरा ऊपर होगा ।वह सीढ़ियां चढ़ने लगा ।जितनी देर रामकिशन उस घर पर था उतनी ही देर अपनी बेटी की सौभाग्य के बारे में सोच कर खुश हो जाता । वह एक - एक कमरे से होकर निकलता । हर कमरे में बहुत सारे चित्र लगे हुए थे । बहुत सुंदर और अर्थमयी चित्रों का भंडार था वह घर । कुछ चित्र देखकर वह चौक जाता , कुछ देखकर वह असमंजस में पड़ जाता , कुछ देखकर वह दुखी हो जाता ।

रामकिशन को बगल वाले कमरे से आवाजें आ रही थी । जमाई बाबू के चिल्लाने की आवाज़ सुनकर रामकिशन एक - दो सेंकड दग रह गया । क्या बेला था मैंने अपने घरवालों को मेरे घर से दूर रखना । स्वरा , तुम उन्हें बुलाकर मेरी इज्जत उजाड़ना चाहती हो ? " जमाई बाबू आक्रोश में थे । उनका गुस्सा सातवें आसमान में था । रामकिशन उस कमरे से झांककर देखा मोतीचूर के लड्डू और मोटी रोटी ज़मीन पर गिरे पड़े थे । इमली रो रही थी , वो थीमे स्वर मे बोली , " बाबा को मैंने नहीं बुलाया " | रामकिशन की आँखो से सूखे आँसू बहने लगे । वो उस आलीशन बंग्ले से भागना चाहता था । जमाई बाबू का स्वर रामकिशन के कानों में गूंज रहा था । आ जाते है मेहमान के रवैये में ठाकुरो को बेइज्जत करने " |

रामकिशान जल्दी से हॉल पहुँचा | वहाँ तब तक बहुत मेहमान आ चुके थे । वो बहुत बडे लोग लग रहे थे । रामकिशन को देखने के बाद सबकी नजर ठाकुराईन की और चली गई । उसमें से एक औरत रामकिशन को तिरछी नजरों से देखते हुए बोली " ये कौन है रेगस ? ठाकुरों के घर में दो टक्के के लोग क्या कर रहे है ? डोण्ड से कि ये तुम्हारे मेहमान है " | ठाकुराईन अपनी साड़ी ठीक करते हुए बोली , " मेहमान नहीं बिन बुलाये मेहमान , छोड़ो न हम अपनी पार्टी शुरू करे है । उस दिन रामकिशन ने ठान लिया कि अब दोबारा इस घर कदम भी नहीं रखूगा | जितना बडा उनका घर है उतनी ही खोखली इनकी बातें ।

" सुनो जी , इस बार की फसल पिछले साल से ज़्यादा है , तो बेटी के ससुराल में ले जाइए न " शांता बहुत खुशी से बोली । " नहीं शाँता वो लोग तो इससे भी अच्छा खाते होंगे " - रामकिशन अपने मन के हलचल को समेटते हुए बोला । " तुम चले जाओ उन्हे अच्छा लगेगा , मैं अनाज थैले मैं डाल रही हूँ " | शाँता अनाज थैले में डालने लगी अब शाँता को क्या समझाना , उसे थोड़े पता है कि वह अब इमली नहीं स्वरा ठाकुर है । एक साल बाद फिर से इस बिन बुलाये मेहमान को ठाकुरों के घर जाना होगा " | उसने अपना सर हिलाकर एक लंबी सॉस भर ली ।

PADMINI C MENON
2ND DC CHEMISTRY

गीत आलाप

INDUJA S
2ND DC GEOLOGY

SWAPNA SUDHA
2ND DC ZOOLOGY

वर्ष २०२०; हमने क्या खोया, हमनेक्या पाया।

उत्साहो बलवान् नृत्सुतं परम बलम् |
ऊष्टहरम्भ मंत्रेण जायते सर्वस्व पदम्

अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार १ जनवरी से नए साल की शुरूआत मानी जाती है । चूंकि ३१ दिसंबर को एक वर्ष का अंत होने के बाद १ जनवरी से नए अंग्रेजी कैलेंडर वर्ष की शुरूआत होती है । इसलिए इस दिन को पूरी दुनिया में नया साल शुरू होने के उपलक्ष्य में पर्व की तरह मनाया जाता है । नए साल का उत्सव भोजन , फोल और अनुष्ठान से भरपूर होता है ।

चूंकि साल नया है , इसलिए नई उम्मीदें , नए सपने , नए लक्ष्य , नए आईडियाज के साथ इसका स्वागत किया जाता है । नया साल मनाने के पीछे मान्यता है कि साल का पहला दिन अगर उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाए , तो साल भर इसी उत्साह और खुशियों के साथ ही बीतेगा ।

लेकिन वर्ष २०२० कई मायनों में अलग और अनूठा था । इस वर्ष कई अप्रत्याशित , असामान्य और नाटकीय घटनाएं हुईं , जिसने हमें अपनी जीवन शैली को बदलने और नई प्रथाओं को समायोजित करने के लिए मजबूर किया । कई आपदाओं , विशेष रूप से वैश्विक महामारी का दुनिया भर के मनुष्यों के जीवन पर बहुत बड़ा दार्शनिक प्रभाव पड़ा । इसने मनुष्यों को कई मूल्यवान सबक सिखाए जो कि अपने व्यस्त जीवन कार्यक्रम के कारण पहले उपेक्षित थे ।

२०२० में विशेष रूप से लॉकडाउन के कारण लोगों के जीवन में कई सुखद और सकारात्मक अनुभव उत्पन्न हुए , जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार और कई मायनों में समाज की बेहतरी हुई ।. जहाँ कुछ लोगों ने यूट्यूब से वीडियो देखकर भोजन बनाना सीखा । कुछ लोगों ने घर पर परिवार संग अंताक्षरी खेला , कुछ ने मशहूर चलचित्र और वेब - सेरिस देखा । कुछ लोगों जिन्हे अपने बच्चों के साथ वक़्त बिताने का मौका नहीं मिलता , लॉकडाउन के कारण वह सुअवसर प्राप्त हुआ । बच्चों के साथ वीडियो गेम्स , कैरम जैसे गृहखेल का बड़ो ने आनंद लिया । विद्यालयों में छुट्टी होने के कारण घर बैठकर शिक्षको ने ऑनलाइन क्लासेज का सहारा लिया ताकि विद्यार्थियों की शिक्षा में कोई रूकावट न आये।लोगों को लॉकडाउन के इन कुछ दिनों में अपने दिल में दबे शौक पूरा करने का अवसर मिला । आम आदमी से लेकर बड़े बड़े सेलेब्रटीज़ ने इसका लुफ्त उठाया । किसी ने कोई वाद्य यन्त्र बजाना सीखा , किसी ने नृत्य सीखा और अभ्यास किया जो दैनिक जीवन में असंभव है ।

वायु प्रदुषण में नियंत्रण आ चूका है । नदियों का जल स्वछता की और अग्रसर हो रहा है । यमुना का जल पहले से अधिक साफ़ लग रहा है । वायु , ध्वनि और जल प्रदूषण में गिरावट आयी है जो प्रकृति की दृष्टि से लाभदायक है । परिंदे आकाश में स्वछंद रूप से सैर कर रहे है । वायु पहले के मुकाबले शुद्ध हो गया है | आकाश का रंग नीला है हम सब भूल गए थे । लॉकडाउन की वजह से प्रदुषण में कमी आयी है जिसकी वजह से नीले आसमान को देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है ।

लेकिन ये सभी अच्छे अनुभव २०२० के सामाजिक आर्थिक और विशेष रूप से दार्शनिक स्तर पर मनुष्यों के जीवन में आए नुकसान की भरपाई नहीं कर सकते।वर्ष की शुरुआत अप्रत्याशित रूप से प्राकृतिक आपदाओं जैसे कि जंगल की आग , ज्वालामुखी विस्फोट , बाढ़ , सूखा , चक्रवात और अन्य अनगिनत घटनाओं से हुई । वर्ष २०२० में अमेरिका के नस्लीय भेदभाव की घटना जैसी कई सामाजिक और घरेलू हिंसा देखी गई । अपराध दर और आत्महत्या की रिपोर्ट अमानवीय स्तर पर पहुंच गई थी । बहुत से लोगों ने नौकरी और घर खो दिया और अपने घर में रहने के लिए मजबूर हो गए । अर्थव्यवस्था एक खतरनाक दर से गिर रही थी । विभिन्न समुदायों के बीच कई धार्मिक और सामाजिक संकट भी देखे गए । मानसिक तनाव और अवसाद का एहसास भी था । हमने ऋषि कपूर इरफान खान और सुशांत सिंह राजपूत जैसी कई सुनहरी हस्तियों को खो दिया ।

लेकिन इस साल ने हमें कई सच्चे जीवन के सबक सिखाए । इस साल ने हमें ज़रूरत और विलासिता के अंतर को समझने के लिए मजबूर किया । लॉकडाउन की स्थिति में , दुनिया ने परिवार के साथ अधिक समय बिताया । घर पर अटक जाने के कारण , लोगों ने अपनी पवित्रता को बनाए रखने के तरीकों के बारे में सोचा और इस तरह रचनात्मकता को उबाला - पुराने शौक नए जुनून में बदल गए । पुराने गिटार धूल और ट्यून किए गए थे , और साल पहले शुरू किए गए चित्रों को आखिरकार पूरा किया गया।महामारी से ग्रस्त , इस वर्ष ने हमें सिखाया है कि हम एक दूसरे पर कितना निर्भर हैं । हमारी स्वास्थ्य प्रणाली , खाद्य प्रणाली और आपूर्ति श्रृंखला सभी जुड़े हुए हैं|

नया साल एक नई शुरुआत को दर्शाता है और हमेशा आगे बढ़ने की सीख देता है । पुराने साल में हमने जो भी किया , सीखा , सफल या असफल हुए उससे सीख लेकर , एक नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ना चाहिए | जिस प्रकार हम पुराने साल के समाप्त होने पर दुखी नहीं होते बल्कि नए साल का स्वागत बड़े उत्साह और खुशी के साथ करते हैं , उसी तरह जीवन में भी बीते हुए समय को लेकर हमें दुखी नहीं होना चाहिए । जो बीत गया उसके बारे में सोचने की अपेक्षा आने वाले अवसरों का स्वागत करें और उनके जरिए जीवन को बेहतर बनाने की कोशिश करें ।

PARVATHY N.N
1ST DC ECONOMICS

हर कदम ध्यान से

हर कदम तू जागी रहे |
हर कदम पर तेरा ध्यान रहे |
रोज कुछ न कुछ सामना करते रहे |
हजारों मुश्किलें आती रहे |
कोई तुझे समझने की कोशिश न करता रहें |
तुझ पर किसी का ध्यान न रहे
अभाव में तेरे सब शिथिल रहे |
तू सब में एकता भरती रहे |
दूसरों के लिए अपना सपना छोड़ती रहे |
उनका सपना साक्षात करती रहे |
अपने सुखों को छोड परों के दुखों को अपनी रहे |
जब जिंदगी को मुड़कर तू देखती रहे |
केवल स्वयं के लिए कुछ बाकी न रहे |
तू खुद अपने सपने को पूरा करती रहे |
अपने समय को तू बनाती रहे |
अपनी जिंदगी के लिए तू लगातार मेहनत करती रहे |
अपनी मंजिल को प्राप्त करती रहे जिसे पाकर तू
झूमती रहे |

ANAGHA BOSH
1ST DC ENGLISH LITERATURE

पर्यावरण का आवरण जला

मनुष्यजाति की ऊर्जा तथा जीवन काल बनकर रहनेवाला पर्यावरण की हरियाली हमेशा हमारे मन को रोमांचित करती हैं | सदियों से यह हमारी सांस बनकर रही हैं , और हमें जोश देती हैं | हर एक मनुष्य अपना पहला कदम इस मिट्टी पर रखता हैं | इसके दैनिक जीवन में उसकी माँ बनकर , छाया बनकर , भोजन बनकर देती हैं |

लेकिन आज , नए युग के बच्चे यह सब भूल जाने की कगार पर है जो भयानक रूप से प्रकृति में दिखाई पड़ता है | अपने स्वार्थलाभ के लिए प्रकृति की चीजों का दुरुपयोग कर उसकी ऊर्जा स्रोतों का नाश करके आज मानव आगे बढते जा रहे हैं | पेड़ों को काटकर अन्य जीव जाल के आवास स्थान को उजाड़ देते हैं | बड़े-बड़े कंक्रीट के मकानों को बनाने के लिए खेतों को , नदियों और समुद्रो के स्थान घटाकर बनाते है | इंधनों के ज्यादा उपयोग के कारण होने वाली वायु प्रदूषण और कारखानों से उड़ने वाली विषैले धुएँ ,आज हमारी प्राण वायु को नष्ट कर रही हैं |

अनियंत्रित जल तथा धरती के प्रदूषण से सारे जीव जंतुओं के जीवन के लिए नुकसान पहुंचा है | इन गतिविधियों से होनेवाली जलवायु परिवर्तन के वजह से धरती के तापमान बढा जिससे बडे बडे हिम पिघलाते है और समुद्र के किनारे जानेवाले लोग के मन में आशंका बढती हैं |

अगर यह हालत चलते रहे इस धरती में जीना भी असंभव हो जाएगा | इसलिए हमे प्रकृति के रक्षक बनने के लिए हम सब को आगे आना होगा | इस धरती को अपनी माँ मानकर , उनका सम्मान करते हुए उनकी देखभाल करनी ही होगी| यह भूमि हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी सुगमता से उपयोग करने के लिए है , यह बात मन में रखे , हम अपनी प्रगति की चिंताओं को सही रास्ते की ओर ले जाना चाहिए | जिससे हमारे पर्यावरण को नुकासान न पहुँचे । बस सबको हाथों में हाथ लेकर यही समझाना है | क्योंकि हमे प्रकृति को बचाना है |

"जहाँ होगी खुशहाल प्रकृति , वहाँ चलती रहेगी जिन्दगी की गति ।



IRINE ANTONY
2ND DC GEOLOGY

राधेय की मित्रता की यादों मे

मैं पहली बार राधेय से रण भूमि में मिला था । वो एक सिंह जैसा अर्जुन से युद्ध कर रहा था । उसे मिलकर ऐसा लगा अपनी रूह का खोया हुआ हिस्सा मिला । मैं,हस्तिनापुर का भावि साम्राट दुर्योदन के मन में शांति थी। जो मुझे मामा शकुनी की षडयंत्र से भी कभी नही मिला । वो अब अंगराज बन चुका था, उस से भी ऊपर वह मेरा सच्चा मित्र राधेय बन चुका था।

इन्द्रप्रस्थ से लौटते समय मेरा मन आग में जल रहा था। मामा श्री ने मुझे अकेला छोडने का निर्णय किया । मैं ने स्वयं अपने कक्ष में बंद किया था। वह हुआ मेरा अपमान मुझे जला रहा था। उस समय मेरे कंधे पर एक हाथ मैंने महसूस किया । वो ओर कोई नहीं था, मेरा राधेय था। उसने कहा – " , मित्र तुम्हे शोक मानने की कोई आवश्यकता नहीं है जब तक मैं तुम्हारे साथ हूँ । आज्ञा दो इसी क्षण इन्द्रप्रस्थ जीत लाऊँगा।" मेरा मन शांत हुआ । क्योंकि वह मुझे सबसे अधिक समझता था ।

महीने बीते – पांडव वनवास चले गये । राधेय ने चारों दिशाओं में अपने दिग्विजय प्राप्त किया था । जब व ह हस्तिनापुर लौटा, मैने स्वयं उसका स्वागत किया । मेरे पिताश्री ने उससे कहा –" राधेय तुम मुझे मेरे पुत्र जैसे ही प्रिय हो । कभी भी दुर्योधन का साथ मत छोड़ना ।" राधेय मुसकुराकर बोला-" महाराज, मैं दुर्योधन से ऐसा जुड़ा हूँ जैसे आत्म- शरीर से जुडी हो । मैं तब तक मित्र दुर्योधन के साथ नहीं छोडूँगा जब तक मैं ज़िंदा हूँ ।" राधेय की यह बात सुनकर मेरा मन खुश हुआ | मे रे चेहरे पर आँसु की एक बूँद उसने महसूस किया |

दिन बीते, महीने बीते, वर्ष बीते | पांडव अपने वनवास से लौट आये और आरंभ हुआ सबसे विभीषण युद्ध । ये युद्ध रोकना आसान था | परंतु भाग्य नहीं चाहता है । मैं जानता था मेरे राधेय का साथ मुझे हारना नहीं देगा । परंतु 17 दिन मेरे जीवन के पासे पलटे। राधेय का रथ का चक्र धरती में थस गया । राधेय चक्र निकालने लगा । उस के बाद जो कुछ भी हुआ वह समस्त संसार जानता था | मैं कुछ न कर पाया । मैं नेआँसु नहीं बहाये क्योंकि मेरे आँसु पोंछनेवाला राधेय मेरा अश्रु पोछ पाएगा । उसकी आँखो में आत्म ग्लानी मैंने महसूस किया और उसने कहा –" मित्र फिर मिलेंगे । मेरे राधेय ने प्रस्थान किया । हमेशा - हमेशा के लिए | राधेय के बिना इस रण मैं जीत पाऊंगा ? "

मैं आ रहा हूँ राधेय । महाबली दुर्योदन मरणासन्न है । आप ने जो कुछ भी मेरे इस जीवन यात्रा के बारे में सुना वह सब मैं ग्रस्तवस्ता में बता रहा था । ये हरी - घास मेरे रक्त से सनी हुई है। कल राधेय के नेत्रों में जो आत्मग्लानी मैंने देखा था उसका कारण मैं जान चुका हुँ। वो कौधेय था । इस बात से मैं नाराज़ नहीं हु | माता कुती की एक भूल मेरे लिए वरदान था | राधेय ने अपने जीवन का सबसे बड़ा सच जानने के बाद भी मेरे लिए लड़ा अंतिम सांस तक लड़ा । मैं इस बात से खुश हुँ । मुझे अधिक समय तक अपने राधेय से दूर नहीं रहना पड़ेगा मेरी आँख मेरे साथ नहीं दे रही थी । मेरी आँख के समक्ष सब कुछ धूल है। एक पीले वस्तु मेरे ओर आते हुए देख पा रहा हुँ । वह पीली वस्तु मेरे समक्ष खड़ा है | कोमल ऊंगलियों मेरे केश पर महसूस कर पा रहा हुँ । वो प्रिय भानुमति है, नहीं । मित्र अशोधामा है – नहीं, ये एक रण भूमि मैं लड़ते आदमी की ऊँगलियाँ नहीं, वो कौन है ? और कौन है ? मैं एक हाँसी मेहसूस कर पा रहा हुँ । हाँ, मैं अब जान चुका हुँ, ये कौन है ? –" क्यों आये है आप यहाँ । मेरी चेष्टा करने आए है" । एक अश्रु बूँद मेरे चेहरे पर गिरी । ये आप ही है वसुदेव । ये अश्रु मेरी पीड़ा महसूस करने के कारण बह रहे है । आज न जाने क्यों आपकी मुस्कान का कारण मैं समझ पा रहा हुँ । दुनिया के द्वारा कनायक कहे जाने दुर्योदन को अपने राधेय की मित्रता कही न कही नायक बना दिया था ।" मैं आ रहा हुँ राधेय" ।

"दुविधा के समय जो व्यक्ति हमारा साथ निभाता है,
वही तो सच्चा मित्र कहलाता है" ।

TITUS VARGHESE
1ST DC ECONOMICS

क्रिस्टियानो रोनाल्डो



क्रिस्त्यानो रोनाल्डो डॉस सौटोस अवियरो(जन्म:5 फरवरी 1985) जिसे आमतौर पर क्रिस्त्यानो रोनाल्डो के नाम से जाना जाता है, एक पूर्तगाली पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी है जो इतालवी फुटबॉल क्लब युवेन्टस केलिए और पूर्तगाली की राष्ट्रीय टीम का कप्तान है| आज रोनाल्डो के फुटबॉल की बहतरीन युवा श्रतिमाओ में से एक माना जाता है| इन्होंने अपना स्वर्णिम समय स्पेनिश क्लब रीयल मेड्रिड में बिताया है |इन लर टेक्स में चोरी और हेराफेरी के कई बार आरोप ओर जुर्माने लग चुके है|जार्जिना रोड्रिग्स क्व साथ ये कई वर्षो से अंतरंग संबंधों में है|

जीवनी:क्रिस्त्यानो रोनाल्डो के जन्म पूर्तगाल में फनचल मदिरा में 5 फरवरी 1985 को माता मरिया डालोरेस हॉस सैंटोस अवियरी और पिता जोस डिनिस अवियरो के यहाँ हुआ था| क्रिस्त्यानो रोनाल्डो का एक भाई ह्यूगो और दो बहन एल्मा और कातिय हैं| क्रिस्त्यानो रोनाल्डो के नाम का दूसरा भाग पूर्तगाल में अपेक्षाकृत दुर्लभ है|उसके माता पिता के उसका यह नाम अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रिगन के नाम पर रखा था क्योंकि वह अपने पिता के पसंदीदा अभिनेता थे और इसे नामकरण के पीछे रोनाल्ड रिगन अमेरिका का राष्ट्रपति होना कोई कारण नहीं था|2010 से इरिना श्याक के साथ संबंध में है|

क्लब कैरियर:स्पोर्टिगा सि. पि 16 साल कि उम्र में रोनाल्डो का स्पोर्टिगा की युवा टीम से प्रथम टीम मैनेजर लास्ज़लो बोल्लोनि द्वारा पदोन्नत किया गया था, जो उनके ड्रिब्लिंग से प्रमावित थे| बाद में वह क्लब के अंडर 16 अंडर 17 और अंडर 18 टीमों, बी टीम और पहली टीम के लिए खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गए एक ही सीज़न के अंदर थे| एक साल बाद 7 अकतूबर को रोनाल्डो ने प्रिमियर लीग में मोरेन्सस के खिलाफ अपनी शुरुआत की ओर 3-6 की जीत में दो गोल किए| 2002-03 सीज़न के दौरान उनके प्रतिनिधियों में लिवरपूल के मैनेजर गियार्ड होउलियार और बार्सिलोना के अध्यक्ष जोन लपार्त को सुझाव दिया |प्रबंधक आर्सेनल वेंगर जो कि विजर पर हस्ताक्षर करने में रुचि रखते थे| ने संभावित हस्तांतरण पर चर्चा करने के लिए नवंबर में आर्सेनल के मैदान में उनसे मुलाकात की| मैनचेस्टर यूनाईटेडस के प्रबंधक एलेक्स फगर्यूसन, हालांकि,रोनॉलडो को एक स्थायी कदम पर तुरंत प्राप्त करने के लिए ढूढ था, सपोर्टिंग के बाद अगस्त 2003 में एस्टाडियो जोस अलवालडे के 3-1 से हराया था। शुरुवात में यूनाइटेड ने सिर्फ रोनॉलडो पर हस्ताक्षर करने की योजना बनाई थी और फिर ऋण उसे एक वर्ष के लिए स्पोर्टिंग में वापस लाया गया हालांकि, उससे प्रभावित होकर मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ियो ने फगर्यूसन से उस पर हस्ताक्षर करने का आग्रह किया। खेल के बाद, फगर्यूसन ने स्पोर्टिंग £12.24 मिलियन का भुगतान करने के लिए सहमति व्यक्त की, जिससे उन्होंने "सबसे रोमांचित युवा खिलाडियों में से एक" माना था। क्लब सर जाने के एक दशक बाद अप्रैल 2013 में , स्पोर्टिंग ने रोनॉलडो का उनका 100,000 सदस्य बनने के लिए चुनकर सम्मानित किया।

AMJAD IQBAL KAKKASSERY
2ND DC FUNCTIONAL ENGLISH

देखा नहीं था मैंने पापा को

वेतन मिला मुझको
आज पहली बार
पापा के लिए कुछ नहीं
मम्मी के लिए साड़ी खरीदी चार |
बचपन में पापा की शिकायत
मां का दुलार व प्यार
हर वक्त याद आता है मुझको
मुझे गोद में लेकर ना थपथपाया
पापा ने ना हंसाया ना खिलाया
यही बात खटकती थी मुझको ।
उस दिन से सोचा था मैंने
उस दुनिया से हटकर
दूसरा आशियाना बनाना है मुझको ।
पापा ना हमारे लिए जीते थे
ना ही हम से कुछ कहते थे
ना ही मेहनत करते थे
ना ही अच्छे कपड़े पहनते थे
पर इन से हटकर मेरी जीत का एहसास था मुझको ।
किसी ने ऐसी चुभी बात बताई ।
जीत के अंधेपन में यह बात नहीं समझ में आई ।
आखिर वे भी तो मेरे पापा है ।
खरीदा मैंने उनके लिए तोहफा
पहुंची जब मैं उनके पास
राख में तब्दील हो गई थी उनकी अर्थी और आस
पहुंचने में बहुत देर लगी थी मुझको
इसलिए देखा नहीं था मैंने पापा को ।

BINDHYA .A.B
1ST DC ZOOLOGY

गुलाब

गुलाब एक झाड़ीदार कटीला और खुशबूदार फूल जो कि सबको अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। इसे फूलों का राजा भी कहा जाता है। इसके आकार कोमा कद और रंग का आधार पर इसकी १०० से भी ज्यादा प्रजातियां पाई जाती है।मौसम के अनुसार भी इस की दो प्रजातियो में विभाजित किया जाता है। गुलाबयूरोप के बहुत से देशों का राष्ट्रीय फूल है । गुलाब को अलग-अलग भाषा में अलग अलग नाम से पुकारा जाता है।

गुलाब में औषधीय गुण होने के कारण इसे बहुत सी दवाइयां बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है। गुलाब के फूलों की खेती कर उनसे धन अर्जित किया जाता है। दक्षिण भारत में गुलाब के फूलों की विशेष रूप से प्रयोग किया जाता है। इस से इत्र बनाने के लिए बड़े-बड़े उद्योग लगाकर उनसे धन कमाया जाता है। गुलाब का फूल बहुत ही कमाल होता है। गुलाब का फूल नेहरू जी को बहुत ही प्रिय था। हर साल 12 फरवरी को गुलाब दिवस मनाया जाता है। यह कहने की बजाय की ईश्वर ने फूलों के साथ कांटे बनाए, हमें ईश्वर को शुक्रिया कहना चाहिए कि उन्होंने कांटों के साथ फूल भी बनाएं: “प्यार एक जंगली गुलाब की तरह है, सुंदर और शांत, लेकिन अपने बचाव में दूसरो का खून बहाने के लिए तैयार हैं। प्यार भरी जिंदगी में कुछ कांटे जरूर होते हैं, लेकिन जिंदगी खाली होती है। कांटा छोटा सा नुकीला होता है ।गुलाब की रक्षा करने केलिए वह शत्रुओ के देह मे चुभ जाता है।। भगवान ने गुलाब की सुंदरता को अच्छा डिजाइन दिया और उसके संरक्षण के लिए कांटे डाल दिए।

बाइबिल में कांटो को पाप, दुख और कठिनाई को नकारते हुए कांटा दुनिया के सबसे प्राचीन प्रतीकों में से एक है: गुलाब के साथ मिलकर, यह दर्द और खुशी का प्रतिनिधित्व करता है, और कांटा मसीह के जुनून का प्रतीक है,जैसे की कांटो के मुकुट के साथ है ।

ROSE MARIYA PAUI
1ST DC B.COM

एक रुपए

एक गांव में एक गरीब परिवार रहता था। उस परिवार मे पिता एकमात्र कमाने वाला सदस्य था वह अपने परिवार को गरीबी से बचाए रखता था। पर उनका बेटा बड़ा आलसी था। एक दिन पिता ने उसे सुधारने का निर्णय लिया अपने बेटे से कहा, "बेटा, अगर अब से यहां भोजन खाना है तो हर दिन एक रुपए घर लाना होगा।"
अगले दिन वह लड़का एक रुपए की तलाश में निकला। पड़ोसी से मिलने पर उससे एक रुपए उधार में लिया। दोपहर के समय पिता घर के सामने खड़े थे। उस लड़के ने खुशी खुशी अपना ₹1 रुपया दिखाया, तब उसके पिता ने उससे वह रुपैया कुएं में फेंकने को कहा। वह लड़का कुछ सोचे बिना उधार लिया हुआ एक रुपए कुएं में फेंक देता है और अंदर जाकर खाना खाता है। इस तरह गांव के किसी भी पड़ोसी से एक रुपए उधार लेना, उसे कुएं में फेंकना और खाना खाना कुछ दिन ऐसे ही चला। पर थोड़े दिनों बाद के बाद उसे पैसे उधार लिए हुए पडोसियों से पैसे माँगने में शर्म आई। इसलिए वह खाली हाथ घर आया । उस दिन उसे खाने को कुछ ना मिला। अगले दिन सुबह होते ही वह उठा खेत की और गया और कड़ी मेहनत करने लगा ऐसे काम करके उस दिन पहली कमाई मिली। खुशी उसी आँखों में थी वह थका और पसीने में भीग कर घर आता है। हमेशा की तरह उसके पिता घर के द्वार पर खड़े थे। लड़का अपने पिता को गर्व से कमाया हुआ रुपए दिखाता है, हमेशा की तरह उसके पिता ने सिक्का कुएं में फेंकने को कहा पर इस बार उसे सुनकर दर्द हुआ | उसने कहा, "नहीं पापा, मैं इसे फेंक नहीं सकता, बहुत मेहनत से कमाया।" पिता के मुंह पर एक मुस्कान फैल गई वे अपने बेटे को गले लगा कर घर ले आते है और वह लड़का पहली बार भोजन अपनी मेहनत के स्वाद के साथ खाता है।

JOSEPH ANTO
2ND DC PHYSICS

SWATHI V NAIR
2ND DC GEOLOGY

भयानक रात की बात

ठंड की रात थी,मैं रात का खाना खा कर सोने चल गयी ।मैं सोने के लिए अपने बिस्तर पर लेट गयी ।कुछ देर बाद मेरी आँख लग गयी मैंने एक बडा भचानक सपना देखा जिससे मेरे पसीने छूट गये । जिससे मैं ठीक से सो नहीं पायी। क्योंकि डर मुझे सोने नही दे रहा था । ऊपर से खिडकियो के परदे पर आने वाली परछाई देखकर मेरी रूह काँप गई ।मैं डर के मारे अपने लिविंग रूम में चली गयी और टेलीविज़न चालू कर दिया। उस में भी भूत प्रेत की फिल्म आ रही थी । तो डर और बढ गया और मैने चैनल बदल दिया । मन में भूत -प्रेत वाली चिन्ताएँ थी ।जब में टेलीविज़न देख रहीथा तो मुझे अपने घर के बाहर कुछ अजीब सी आवाज सुनाई पडी।मुझे डर लग रहा था। मैंने सोचा कि वह आवाज़ किस की हो सकती है। कोई आत्म तो नही है। मेरा डर मुझे यह जानने ही नही दे रहा था कि यहआवाज कहां से आ रही है ।इसलिए मैंने अपने कुर्सी पर दुबक्कर बैठ गई। कुछ देर बाद मैंने सुना कि कोई व्यक्ति दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। यह देखकर मैं और भी डर गई थी ' अपनी माँ के कमरे में गयी और उन्हे सब कुछ बताया। हम एक साथ दरवाजे की ओर गए और उसे खोला।दरवाज़ा खोलने पर हमें एक बॉक्स दिखाई दिया। डर कर हमने इसे धीरे से खोला।यह देखकर मैं दंग रह गई।यह एक सुंदर क्रिम केक था।मैंने सुना कि 'जन्मदिन मुबारक हो' ।मैं बहूत आश्चर्यचकित था, क्योंकि यह मेरा जन्मदिन था।मेरे चचेरे भाईयों ने मेरे लिए एक छोटी पार्टी की व्यवस्था की।मैं बहूत उत्साहित हूँ।यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा जन्मदिन था। जो मैं कभी नही भूल सकती

PRIYAMOL T KURIAN
2ND DC PHYSICS

मोत से मोहबत

सुना है कि मोहब्बत से, सब बदल जाते हैं
चाहे कितने भी बुरे हो, सुधर जाते हैं ।
पर हम को मोहब्बत मौत से हुई
ओर हाँ, उसे भी प्यार हमसे हुआ।
अब वे भी हमारे प्यार में बेचैन है ।
एक गहरी सोच में डूबी हुई हुँ
यहीं कि, इसे जीने दूँ
या अपने साथ चलने दूँ

A PRAVEENA
1ST DC ENGLISH LITERATURE

प्यारी दादी

अस्पष्ट, अतीत की यादों को सजाया है
दुखों को हमेशा सह कर दबाया हैं।
मेरे पास आज जो है वह मेरे में समाया है
उनकी यादों को मैंने दिल मे बसाया है
मन में मेरे एक चेहरा आया है।
उनकी आवाज़ में नम्रता को पाया है।
परोपकार से उन्होने अपना नाम कमाया है।
आर्शीवाद उनका मेरे ऊपर छाया है।
मैंने भी उनकी राह पर चलने का बीडा उठाया है।

MRINAL RAJESH
2ND DC GEOLOGY



नन्हे काले मेघा

काले मेघा पानी दे' - श्री धरमवीर भारती जी की कृति है जिसमें काले मेघा ने पानी देकर लोगों की प्यास बुझायी। अगर उस कृति में काले मेघा ने पानी दिया तो मुझे काले मेघा ने एक नन्हा सा काले मेघा को ही दिया और वो है – मेरा 'ओरियो'

काले रंग का लैब्राडोग है जिस की गोल -गोल आँखें ,काले फर और एक हिलती हुई पूंछ भी है । वह घर की देखभाल करता है । और मुझे पूरे दिल से प्यार करता है । हर वक्त मेरे पीछे घूमता भी है । मुझे बचपन से ही एक कुत्ते को पालने की इच्छा थी और उसका सही समय 29 अप्रैल 2019 को आया, इसी दिन मुझे 'ओरियो' मिली थी । वो पिछले 2 वर्षों से हमारे साथ है ।

'ओरियो' बहुत शरारती है, नटखट है, प्यारी है, और वह हम सब की प्यारी है । हम साथ में खेलते हैं, दौड़ते हैं, कूदते हैं, और हर तरह की शरारत करते हैं । कभी-कभी मुझे परेशान भी करती है । कुछ समय के लिए उसके साथ घुल मिल जाने के बाद हर किसी की वह चहेती बन गई है । वह ।

असल में पालतू जानवर के रूप में कुत्ते को पालना एक अद्भुत एहसास ही है ।

ATHMAJA .M
1ST DC FUNCTIONAL ENGLISH

LAKSHMIPRIYA.S.MENON
1ST DC GEOLOGY

पड़ी अकेली

बिजली कड़की जोर से
सहसा शोर हुआ बगीचे से
देखा जब बाहर झरोखे से
हैरान हो उठी मैं अंदर से
मेरी आंखों के सामने से
अकल्पनीय दृश्य लगा जाने कैसे
कभी हो सकता है जीवन में ऐसे
अकेली हूं मैं घर में जैसे
छोटी मूर्ति को स्थापित किया वैसे
सब टीकाकरण में गए जाने कैसे
इसलिए अकेली पड़ गई थी मैं ऐसे

P.M ASHA LAKSHMI
2ND DC FUNCTIONAL ENGLISH

सपनों का घर

रात के अंधकार को चीर कर आने वाले रोशनी । एक कुटिया से ये रोशनी आ रही है । उस कुटिया की अंदर एक मज़दूरिन अपने सोते हुए तीन बच्चों के पास बैठकर कुछ सोच में पड़ी है । उसकी आंखों में परेशानी और बेबसी है । बैठे-बैठे वह सो गयी । उसने अपनी नींद में एक सपना देखा । एक विकसित शहर । इस शहर के कोण में दो मंजिलों वाला घर ।

उस घर के अंदर अच्छे कपड़े पहने हुए बच्चे खेल रहे है । घर के अंदर से एक युवती महंगे कपड़े पहनकर आती है । वह बहुत ही सुंदर दिखाई देती है | उसके घर में कई कमरे थे | पूजा करने का कमरा दूसरी मंजिल पर बना हुआ था | उसका फर्श सफेद संगेमरमर से बनाया हुआ था | वह बहुत ही खुश थी | तभी कोई घर का दरवाजा खट-खटाता है | जिससे उसका सपना टूट जाता है और वह उठकर दरवाजा खोल कर देखती है कि एक आदमी उसके हाथ में बड़ा सा कागज थमा देता है | जब वह पढ़ कर देखती है तो उससे दुःख होता है | क्योंकि वह बैंक का नोटिस था |

AJAY M
1ST DC BCOM

दोस्ती

दोस्त तो दोस्त है
तुम्हारी भी खास बात है ।
सभी खुशियाँ में मेरे साथ है ।
सभी मुश्किलो मे तुम मेरे साथ हो ।
तुम ही हो मेरा बल,
तुम ही हो मेरा हल
तुम बिन अकेले , कैसे तैर सकूँगा ?
कितनी बार रही उदास
जब तुम न थे पास
कितने ही लक्ष्य जीती हूँ
अपने बल के बूत
क्योंकि बनाया था तुमने मुझे मज़बूत |
वास्तव में दोस्ती एक शान है ।
यह ईश्वर का वरदान है |

SWATHI
1ST DC PHYSICS

ग्रेटा थनबर्ग

ग्रेटा टिनटिन एलोनोरा एर्ममन थनबर्ग स्वीडन की एक पर्यावरण कार्यकर्ता हैं। जिनको पर्यावरण आंदोलन अन्तरराष्ट्रीय ख्याति मिली है। स्वीडन की इस किशोरी के अंदोलनों के फलस्वरूप विश्व के नेता अब जलवायु परिवर्तत पर कार्य करने के लिए विवश हूए है। आगस्त २०१८ में, १५ की उम्र में, थनबर्ग ने स्कूल से समय निकालकर हाथ में स्वीडन की भाषा में " Skolstrejk for klimatet"(जलवायु के लिए स्कूलबंदी) लिखी तखती लिए स्वीकन की संसद के बाहर प्रदर्शन करना शुरू किया।

ग्रेटा थनबर्ग का जन्म ३ जानवरी २००३को स्टॉकहोम, स्वीडन में हूआ। उनकी माँ मलेना अर्नमैन एक ओपेरा गायिका है एवं पिता स्वान्ते थनबर्ग एक अभिनेता है। उनके दादा अभिनेता और निर्देशक ओलोफ थनबर्ग थे। ग्रेटा पर्यावरण और जलवायु संकट का अहम चेहरा बन चुकी है। सबसे पहला ग्रेटा ने अपने ही माँ-बाप को ऐसी जीवनशैली अपनाने के लिए मनाया। २०१८में जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर लोगों में जागरूकता पैदा क२ने के लिए ग्रेटा ने स्वीडन की संसद के बाहर विरोध-प्रदर्शन के लिए हर शुक्रवार अपना स्कूल छोडा था। जिसे देखकर कई देशों ने #फ्राइडेज फॉर फ्यूचर के साथ एक मुहिम शुरू हो गई। २०११ में जब थनबर्ग ने संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन सम्मेलन को संबोधित किया, उसके बाद तो प्रत्येक सप्ताह विश्व के किसी न किसी भाग में छात्रों की हडाताल हुई। इस बात का विचार करके कि बार-बार हवाई यात्रा न करने पडे, ग्रेटा समूद्री जहाज से जलवायु कर्वाई शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

उनकी अकस्मात प्रसिध्दि से एक तरफ वे नेता बन गयीं है। तो दूसरी तरफ बहूत से लोग उनकी आलोचना भी कर रहे है। विश्व स्तर पर उनके प्रभाव को कूछ लोग 'ग्रेटा प्रभाव की संज्ञा देने लगे है। ग्रेटा को ओकानेक पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हूए है। जिनमें से प्रमुख ये है . स्कॉटलैण्ड की शाही भौगोलिक सोसयटी की मानव सदस्यता, टाइम पत्रिका द्वारा १०० सर्वाधिक प्रभावी लोगों की सूची में उनका नाम शामिल करना और वर्ष की सबसे यूवा टाइम-व्यक्ति घोषित करना, फोर्ब्स पत्रिका में प्रभावशाली स्तियों में उनका नाम सम्मिलित करना और दो बार नोबेल पुरस्कार के लिए उन्हें नामित करना शामिल है।११ दिसम्बर २०१९ को इन्हें 'टाइम पर्सन आफ द इयर' पूरस्कार प्रदान किया गया।

ग्रेटा अपने सीधे-साधे शब्दों में बात करने के लिए भी जाती है। अपनी सार्वजनिक सभाओं में और २ाजानीतिक नेताओं के साथ वार्ता में वे जलवायु संकट पर तुरंत कार्यवाही करने का आग्रह करती है।

ANNA MARIA
2ND DC PHYSICS

बिल्ली और बंदर

एक जगंल में दो बिल्लियां रहती थी। दोनों में गहरी दोस्ती थी। उनको अगर खाने को कुछ मिलता तो दोनों मिलजुलकर खाती। एक दिन उन्हें रोटी का एक टुकड़ा मिलता है। दोनों आधा - आधा करके खाने को होते हैं तभी एक भूखा बंदर उनके पास आता है। वह पहली बिलली से कहता है कि तुम्हारा टुकड़ा छोटा है।

तुम्हरे दोस्त का टुकड़ा बड़ा है। लगता है तुम दोनों ने सही तरीके से टुकड़े नहीं किये है। मैं तुम्हारी मद्द करूँ। पहली बिल्ली बोलती है बंदर जी यह सही कहा। लेकिन वह मेरा पक्का दोस्त है। दोस्ती में छोटा बड़ा कुछ नहीं होता। उसने बडा ले लिया तो क्या हुआ। हे तो मेरा दोस्त ही।

आप चुप -चाप नौ दो ग्यारह हो जाइए, हम आपकी बातों में आने वाले नहीं।

BABU JILANI MOMIN
1ST DC FUNCTIONAL ENGLISH

भारतीय त्योहार

भारतीय अपने त्योहारों को विशेष महत्व देते हैं । यह क्षेत्रीय त्यौहार हों या राष्ट्रीय त्योहार हमारे देश में सभी त्यौहार प्रेम और उल्लास के साथ मनाए जाते हैं । इनमें से अधिकांश त्योहारों पर स्कूलों , कॉलेजों और कार्यालयों में अवकाश होता है ।

भारत में त्योहारों के महत्व को बहुत अच्छे से देखा जा सकता है | लोग न केवल घर पर त्यौहार मनाते हैं बल्कि अपते निकट और प्रिय लोगों के साथ उन्हें मनाने के लिए भी जाते हैं। उत्सव स्कूलों और कार्यस्थलों में भी किया जाता है। हमारी संस्कृति धार्मिक प्रथाओं के लिए उच्च सम्मान रखती है। भारत में लोग ज्यादातर धार्मिक प्रवृति में लीन रहना सबसे अच्छा मानते है । क्योंकि इससे सकारात्मक सोच बनती है और लोग कुछ हद तक अच्छे कार्य करने में लग जाते है ।चूंकि , भारतीय त्यौहारों से जुडी कुछ धार्मिक धारणाएँ हैं , भारतीय अपने देवताओं को खुश करने और अपने जीवन में सकारात्मकता और खुशियाँ लाने के लिए पूरे मन से मनाते हैं । मिसाल के तैर पर, दिवाली भगवान राम के अपने गृह नगर अयोध्या में लिए मनाई जाती है। जन्माष्टमी भगवान कृष्ण के जन्म का जश्न मनाते है, दुर्गा पूजा देवी दुर्गा की प्रार्थना करने के लिए मनाई जाती है और उनके विभित्र अवतार और गणेश चतुर्थी भगवान गणेश की पूजा करने के लिए मनाई जाती है।

त्योहार का समय हिंदू धर्म के अनुसार शुभ माना जाता है । यह एक और कारण है कि लिए इस समय को महत्व क्यों देते हैं । वे जीवन में कुछ भी शुरू करने के लिए इस समय का इंतजार करते हैं ताकि एक अच्छे नोट पर शुरुआत कर सकें। उदाहरण के लिए , लोगों का मानना है कि नवरात्रों के दौरान या दिवाली के अवसर पर नए घर में जाना सौभाग्य में लाता है , इसी तरह गणेश उत्सव के दौरान या मकर संक्रांति के दौरान नई नौकारी में उन्नित उनके लिए अच्छा साबित हो सकती है। इस तरह , बैसाखी , गुरु पूर्णिमा , पोंगल , महा शिवरात्रि , राम नवमी , बसंत पंचमी और अक्षयतृितया जैसे कई अन्य त्यौहारों को बहुत शुभ माना जाता है। और विशेष रूप से कुछ नया शुरू करने के लिए इंतजार किया जाता है। जैसे कि एक नई दुकान खरीदना , व्यवसाय शुरू करना , हस्तक्षार करना । एक बड़ा व्यापारिका सौदा , शादी की तारीख तय करना , आदि।

इस प्रकार , त्यौहार भारतीयों के लिए उच्च महत्व रखते हैं। चाहे वे भारत में रहों या विदेश में , भारतीय अपने त्योहारों को विशेष महत्व देते हैं और उन्हें खुशी और खूशी के साथ मनाते हैं।

SAYANA SUBRAMANIAN
2ND DC PHYSICS

SWAPNA SUDHA
2ND DC ZOOLOGY

ना जाने हम कब बड़े हो गए
स्कूल के दिन ना जाने कहां खो गए
दोस्तों की बात हमे जब भी याद आती है
मन मे एक अनोखी मस्ती छा जाती है
स्कूल की शरारत की बात आती है
टीचर का डंडा और दोस्तो की रुलाई मन मे आ जाती है
उन लम्हों को याद करके एक खुशी छलक आती ह

KRISHNACHANDRAN M
2ND DC FUNCTIONAL ENGLISH

रिश्तो की जड़ें

अलग हो रहे रिश्तों की जड़ें
चारों ओर देखने लगती हैं |
आप ने मुझे नहीं जाना,
मैंने तुम तक पहुँचने की हिम्मत नहीं की |
मैंने देखा उस मिट्टी के नीचे
तुम्हारी मुरझाई हुई जड़ें |
यदि आपकी जड़ें कमजोर हैं,
तो वे सब व्यर्थ हैं |
आप याद रखें कि
पैतृक मूल्य हैं मनुष्य के आधार |
कोई फर्क न पड़ता कि हम कितने अलग,
हमारा स्रोत एक ही है |
अंधी दुनिया को पुनः प्राप्त करने
रिश्ते की जड़ें फैलनी चाहिए |
जब बिखरी हुई जड़ें एक साथ आती
तो उसमें प्राण वायु होती है |
साथ मिलकर हम मजबूत बन
सकते
धरती पर हमेशा के लिए ||

AGNES PJ
2ND DC CHEMISTRY

इरफान खान

इरफान खान का जन्म एक मुस्लिम परिवार मे 7 जानवरी 1967 जयपुर मे हुआ था। इरफान खान जब एम.ए की पढाई कर रहे थे तभी उन्हें नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में आया था। भारतीय फिल्म अभिनेता है और वो बॉलीवुड में दमदार अभिनय के लिए जाने जाते है। इरफान खान की शादी सुतापा सिकदर से हुई जिनसे उन्हें दो बच्चे हैं- बाबिल और अयान।

उनके करियर की शुरुवात टेलीविज़न सिरियल्स से हुई थी। अपने शुरुवाती दिनों में वे यगव्य, भारत एक खोज, चंद्रकांत जैसे धारावाहिको में दिखाई दिये। उनके फिल्मी करियर की शुरुआत फ़िल्म 'सलाम बॉम्बे' से एक छोटे से रोल के साथ हुई। इसके बाद उन्होंने अनेक फिल्मों में छोटे बडे रोल किए, लेकिन असली पहचान उन्हें 'मकबुलं', 'रोग', 'लाइफ इन ए मेट्रो', 'स्लमडॉग मिलियनेयर', 'पान सिंह तोमर', 'द लंचबॉक्स', 'हिंदी मीडियम' जैसी फिल्मों से मिली।

इरफान खान ने अपनी हॉलीवुड फिल्मों में किये गए कामों की वजह से भी जाने जाते हैं। उन्हें तीन बार फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के तौर पर 'पान सिंह तोमर' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है। उन्हें पदमश्री सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। दर्शक ऐसे मानते हैं कि वे अपने आँखों से ही पुरा अभिनय कर देते है और यहीं उनकी विशेषता भी है। वे लीक से हटकर फ़िल्मे करने के वजह से मशहूर है।

इरफान खान की मृत्यु 29 अप्रैल 2020 को कोकिलाबेन अस्पताल , मुम्बई में कैंसर के इलाज के दौरान, कोलन इन्फेक्शन से हुए।

ANAGHA S
2ND DC MATHEMATICS

PARVATHY N.N
1ST DC ECONOMICS

जाना था ,
तो आया क्यों ।
याद मिटाना था ,
तो धाग लगाया क्यों ।
अगर अकेले ही रहने का शौक था ,
तो आदत बनी क्यों ।

A PRAVEENA
1ST DC ENGLISH LITERATURE

किसी का है इंतजार

करने लगा वह इंतजार
बिना जाने इसका अंत का कराएं
सुकून की बात है इंतजार
दिल के अंदर की है बहार
चुपके चुपके आया कहीं से वसंत किधर
बीत जके ग्रीष्मा गीत को जान न पाया सुकुमार
प्यार हुआ उसे इसबार
धरती पर फूल खिले है बार-बार
आंखों में आशा की दरकार
जूही मलय के समीर से करती है प्यार
आशा है मिलने की हजार
प्यार का चढ़ा है खुमार
उसका चेहरा उसकी बाते याद आये बार बार
जिंदा है मुझ में तेरी यादों की बहार
अब तो बता दो तुम कहां हो यार क्योंकि मैं पागल कर रही हूँ.....
तुम्हारा इंतजार

DEVI P C
2ND DC ZOOLOGY

महामारी

कोरोनावायरस या कोविड -19 संक्रमण ऐसी बीमारी है जिसे वैश्विक संगठन द्वारा महामारी घोषित किया गया है | नवंबर 2019 में या चीन की लैब से निकला था । धीरे - धीरे यह वायरस इंसान से इंसान में फैलने लगा । देखते ही देखते इस वायरस ने पूरे दुनिया में पैर पसार किए । अंटार्टिका जैसे क्षेत्र में भी कोरोनावायरस की पुष्टि हुई है । जनवरी 2020 में यह वायरस भारत में पाया गया । 21 मार्च 2020 को पूरे देश में जनता कयूं लगाया गया था , 1 साल बाद यानी 2021 में फिर से कोरोनावायरस लगातार बढ़ रहा है ।

कोरोनावायरस बीमारी क्या

कोरोनावायरस एक ऐसा संक्रमण है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में तेजी से ट्रांसफर होता | वर्तमान में इस वायरस के लक्षण सर्दी , जुखाम , बुखार , सुगंध नहीं आना , स्वाद नहीं आना , सांस लेने में तकलीफ होना और गले दुखना है । पूरी दुनिया में इस वायरस पर शोध जारी है ।

कैसे फैलता है यह वायरस और बचाव के उपाय

जो व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव है उसके संपर्क में आने से सबसे पहले यह फैलता है । साथ ही किसी व्यक्ति द्वारा खांसने के बाद जो बारीक पार्टिकल आपके शरीर में प्रवेश करते हैं इससे संक्रमित होने का खतरा है । इसलिए सरकार द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि बातचीत के दौरान कम से कम 3 फीट की दूरी बनाकर रखें । इसी के साथ मास्क भी लगा कर रखें | जब किसी दूसरे व्यक्ति के पार्टिकल आपके संपर्क में आते हैं तब संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है | बार - बार हाथ सैनिटाइजर हैंड वॉश या साबुन से धोएं |

कोविड -19 से बचाव के लिए " मेड इन इंडिया " वैक्सीन

कोरोनावायरस को महामारी घोषित करने के बाद से पूरी दुनिया में वैज्ञानिकों द्वारा बॉक्सिंग पर शोध जारी है । वर्तमान में भारत रूस समेत अन्य देशों में वैक्सीन जारी की है । भारत द्वारा 2 वैक्सीन का निर्माण किया गया है | कोविशील्ड वैक्सीन , इस वैक्सीन का उत्पादन भारत में सीरम इंस्टिट्यूट द्वारा किया जा रहा है । कोवैक्सीन इस वैक्सीन का उत्पादन भारत बायोटेक द्वारा किया जा रहा है ।

भारत ने 65 देशों में पहुंचाई कोरोना वैक्सीन

भारत ने वैक्सीन के उत्पादन के बाद इसे अभी 65 देशों में उपलब्ध कराया है । भारत सरकार द्वारा यह वैक्सीन कुछ देशों को ग्रांट बेसिस पर दी जा रही है ।कुछ देशों में भारतीय वैक्सीन की कीमत चुकाने पर उपलब्ध कराई जा रही है । भारत ने श्रीलंका , भूटान , बांग्लादेश , नेपाल , म्यानमार , मालदीव , सहित अन्य कुछ देशों में 56 लाख कोरोना वैक्सीन के डोज उपलब्ध कराए हैं ।

कोरोनावायरस केस ताजा अपडेट

17 मार्च 2020 के ताजा अपडेट के अनुसार पूरी दुनिया में कुल कोरोनावायरस संक्रमित लोगों का आंकड़ा 1,21,370,336 पहुंच गया है । इस वायरस से मौत का आंकड़ा 20,735,000 है । भारत में कोरोनावायरस का कुल आंकड़ा 1,14,38,734 तक पहुंच गया है । अब तक 1,59,079 लोगों की मौत हो चुकी है । देश में एक्टिव केस की संख्या 2,34,371 है ।

उपसंहार

एक साल बाद फिर से पूरी दुनिया में कोरोनावायरस लगातार फैलता जा रही है । 21 मार्च 2020 की भारत में जनता कयूं लगाया गया था आज एक साल बाद फिर वही स्थिति बन रही है । भारत के कई क्षेत्रों में दुबारा नाइट कयूं लगाया गया है , तो कई क्षेत्रों में पूर्ण लॉकडाउन लगाना पड़ा है । वैज्ञानिकों द्वारा इस पर लगातार शोध जारी है । वर्तमान में इस बीमारी से बचाव के लिए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और मास्क लगाए ।

AMRUTHA T.S
1ST DC BCOM

नारी अस्मिता

ईश्वर ने जब सृष्टि की रचना की होगी तो इस सारे खेल को रचना से पूर्व उनके दिमाग में आदमी और औरत ,दो रूपों का चित्र ही उभरा होगा, इस चित्र ने ही शायद उन्हें सृष्टि रचने को प्रेरित किया हो। ऐसी कल्पना इसलिए की जा सकती है क्योंकि इन दोनों रूपों के बिना सृष्टि की कल्पना की ही नहीं जासकती। ईश्वर ने दोनों को धरती पर अवतरित करने से पहले उनमें कुछ ऐसी भिन्नताएँ पैदा की, जिससे दोनों को पहचानने में कोई दिक्कत न हो , लेकिन छोटे से कारण कि यह भिन्नता आगे चलकर भेदभाव और अहम् का कारण बन जाएगी, ऐसा अगर भगवान को मालूम होता तो वह कुछ उपाय भी करता। खैर, यह भेदभाव आज औरत को यह सोचने पर मजबूर कर देता है कि उस भगवान ने आदमी क्यों नहीं बनाया। मानव सभ्यता के उत्थन और प्रगति का इतिहास पुरुषों और महिलाओं को एक साथ सामुहिक कार्य के आधार पर रचा गया, किंतु इसे भाग्य की विडम्बना ही कहेंगे कि वह इसमें महिलाओं की भूमिका उपेक्षणीय समझ उसे हेयदृष्टि से देखने लगा ।

विकास और प्रगति के लिहाज से मनुष्य पूर्व काल से आज तक निरंतर आगे की ओर बढ़ता रहा है । इसी विकासने उसकी कार्यक्षमता और जीवन स्तर में बहुत बड़ा परिवर्तन किए हैं, किंतु इन सभी परिवर्तनों का श्रेय प्रत्यक्ष - या - परोक्ष रूप से पुरुषों ने लेकर साजिक व्यवस्था पर अपना अधिकार जमा कर लिया । इस प्रकार का शोषण विश्व स्तर पर तो हुआ , किंतु भारतीय संदर्भ में अधिक मुखर रूप से उभरकर सामने आया । महिलाओं का शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताडित करके , उनकी रचनात्मकता और आज़ादी को समाप्त करने जैसी आमानवीयता ने उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया। हमारे निति - निर्माताओं एवं पितृसत्तात्मक समाज ने नारियों को एक ऐसी दुविधा में डाल दिया है, जिससे उभर के आने में आज भी नारियों को कई और साल लगेंगे ।

अंधविश्वास के दायरे में होने वाली परंपराओं और रीति - नीतियों के बलबूते आज भी लोग अंधा होकर चलते हैं । उत्पीड़न आजीवन चलने वाली एक समाजिक – रीति बन चुकी है । जो भ्रूण हत्या , शिशु हत्या , एवं समाज के अन्य दूषित रूपों -दहेज ,वेश्यावृत्ति , लैंगिक शोषण एवं बलात्कार जैसे कुरूपतम उत्पीड़नों में देखने को मिलती है ।पुरुष महिलाओं को एक मशीन मान कर चलते हैं जो सिर्फ बच्चे पैदा करने ,घरेलू काम करने,उसकी इच्छाओं का पूर्ति करने जैसे न जाने कितने कार्य जो महिलाओं पर थोपी जाती है स्त्रियों को ही घरेलू माना जाता है ।'वह सिर्फ घर के काम करने के लिए बनी हैं' 'घर के काम के अलावा उसे आता ही क्या है' 'वो काम नहीं करती वह उसका रोज का कर्तव्य है' - यह सब उन लोगों कि सोच है जो पितृसत्तात्मक समाज के अंधविश्वास में बंधे हुए हो। अगर एक पुरुष घरेलू काम में एक स्त्री कि हाथ बटा ही लिया तो मानो भूचाल आएगा और उसे पत्नी के अधीन पति कहकर हल्ला मचाते रहेंगे । महिलाओं के ओर होने वाले उत्पीड़न वह चुप- चाप अपने घर बचाने के लिए सहती जाती है। वो दूसरों के लिए अपनी बच्चे, अपने पति, अपने घरवालों के लिए वह चुप -चाप सब कुछ सहन करलेती है और पुरुष उसका गलत फायदा उठाकर उसपर उनका अधिकार जमाते है या उनके शोषण करते हैं । समाजिक सारी जघन्य अपराधों, शारीरिक - मानसिक छेडछाड एवं बलात्कार के लिए महिलाओं को उनके आचरण और चाल - चलन हेतु दोषी ठहराकर ,उसके चरित्र पर सवाल उठाए जाते हैं ।इन सब का दोषी केवल महिला ही होती है और सारा आरोप केवल उनपर ही उठती है । समाज की सभी समस्याओं का सीधा असर समाज और जाति का सुजन करने वाली नारी जाति पर ही पड़ता है ।कई कारणों से फैलने वाले अत्याचारों का मुख्य लक्ष्य महिलाओं को बनाकर उनके पहनावे, शिक्षा,और उसके अस्तित्व पर उंगली उठाई जाती है । व्यक्तिवाद, अहंकार ,धनार्जान और अन्य नैतिक- मूल्यों के पतन ने मनुष्य को सहज मानवीय संवेदनाओं से विमुख कर उदासीन बना दिया है ।

आज के यह भागते - दौड़ते समाज में, महिलाओं की उपेक्षा करके प्रगति की किसी प्रकार से आशा नहीं की जा सकती । महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सहज बोध देने के लिए अब नए कानूनों और परिपाटीयों को चलाने की जरूरत है । उन्हें खुलकर सांस लेने की, अपने खुले दिमाग से सोचने , आज़ाद होने की, खुश रहने की पूरी अधिकार है ।यह सब किसी की देना नहीं है ,जब चाहे देने के लिए और जब चाहे रोकने के लिए यह सब उनके जन्म सिद्ध अधिकार है जैसे पुरुषों की होती है ।पर फर्क इतना है कि पुरुषों पर कोई रोक नहीं लगाता और जब स्त्री की स्वतंत्रता कि बात आती है तो लोग अचानक से मुंह मोड़ने लगाते हैं ।स्त्री एक कोयले की तरह है जो तीव्र ज्वाला में जलते एक हीरा बन जाता है ,अगर उसे अच्छे से आकार दे दिया जाए तो वह कोहिनूर भी बन सकती है ।

महिला और पुरुष दोनों समाज के दो ऐसे मूल्यवान रूप है जिसका मूल्य एक दूसरे से के साथ ही बढ़ता है । सबको एक मानाकर चलना , सबको आदर देना यह एक अच्छे समाज के सूजन के लिए महत्वपूर्ण है। नैतिक अधोपतन और रुढ़ियों को समाप्त करके, आदमी के औरत की और अपने नजरिए को बदलकर ,नारी जागरूकता का प्रोत्साहन करके नारी को उत्पीड़न से बचाने का रास्ता मिल सकता है।

हमारे घरों में भी नारी की उच्च स्थान है जैसे दुर्गा मां, काली पूजा,अर्धनारीश्वर की पूजा नवरात्रि जैसे कई उदाहरण जो महिलाओं को सम्मान सहित देखने को प्रेरित करती है ,लेकिन न जाने लोग यह सब भूलकर नारी को एक खिलौने की तरह प्रयोग करके फेंक देते हैं । तब सब अंधे हो जाते हैं । नारी अबला नहीं होती उसे अबला नारी बनाया जाता है ।

इसे बदलने के लिए लोगों को आगे आकर इस विषय की चर्चा करनी होगी , सवाल उठाने होंगे , नारियों को सशक्त करना होगा । उन्हें मापने मूल्य समझाना होगा , वह इसीलिए नहीं जन्मी है , कि किसी का उत्पीड़न सहन कर सके ।

उसके अंदर एक नई जीवन के सूजन का निपुणता है अगर इस समाज में नारी और असुरक्षित होगी तो हमारे आने वाले पीढ़ियो भी सदा असुरक्षा के घेरे में रहेंगी और राष्ट्र का कभी प्रगति नहीं होगी । यह तभी संभव है जब लोग इसके खिलाफ आवाज उठाएंगे । बात की महत्वपूर्णता को समझकर कदम बढ़ाएगे ,लोग उसकी आवश्यकता को पहचानेंगे तभी एक अच्छे , समाज की प्रगति होगे । हमें एक साथ मिलकर नेकी के ओर बढ़ना पड़ेगा तभी आने वाले पीढ़ी को हम एक अच्छा भविष्य और एक राह दिखा सकेंगे ।

HRIDHYA SURESH
1ST DC ECONOMICS

प्यार तो एक गुलाब है
जब खिल जाए तब खुशियाँ आ जाती है।
जब मुरझा जाए तब मायूसी छा जाती है ।

AKSHAYA THOMAS
1ST DC PHYSICS

पुरानी तस्वीर

आज मैंने अपनी एक पुरानी तस्वीर उठाकर देखी ।
गर्मियों में हम समुद्र के तट पर खेल रहे थे।
सूरज की किरणे हमारे बालों में पड़कर और चमक भर रही थी ।
समुद्र की पीली रेत बिस्तर की भाति लग रही थी।
हम सीपों को इकट्ठा करके उसे
एक छोटे से बक्से में डालते और कुछ शंक जो बहुत ही सुंदर लगते उन्हें कान की बाली बनाकर पहनते । दोस्तों को यह अच्छा लगता तो उसे छिन्ने का प्रयास करते । समुद्र की उस गीली रेत में हम घर बनाते उसकी तस्वीर को केमेरे में कैद करते । इसी बीच तस्वीर खींचते समय मेरे दोस्त ठंडी रेत पर बैठकर तस्वीर खींचवा रहे थे । तभी अचानक एक केकडे ने मेरे दोस्त की जोंघ पर चियौंटा मारा आ ..... आ ..... माई की आवाज़ से गूँज गया सारा । यह देखकर सभी इतना हँसे की हमारे सारे दाँत बाहर आ गए | आज भी उस तस्वीर को देखकर चेहरे पर मुस्कुराहट आ रही जाती है ।

DITHI C.N
2ND DC ECONOMICS

ATHMAJA M
1ST DC FUNCTIONAL ENGLISH

अमिताभ बच्चन



इलाहाबाद , उत्तर प्रदेश कायस्थ परिवार में 11 अक्टूबर 1942 को अमिताभ बच्चन का जन्म हुआ । उनका पिता हरिवंश राय बच्चन भारतीय फिल्म जगत बॉलीवुड के अभिनेता और प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार थे , और उनका माँ तेजी बच्चन उविभाति भारत के कराची शहर से सम्बन्ध रखती थी जो कि अब पाकिस्तान में हैं | आरंभ में अमित जी का नाम ' इंकलाब ' रख गया था जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रयोग किए प्रेरक वाक्यांश ' इंकलाब जिंदाबाद ' से लिया गया था । लेकिन बाद में प्रसिद्ध कवि सुमित्रानंदन पंत ने इनका नाम ' अमिताभ ' रखा । अमिताभ का अर्थ है ' शाश्वत प्रकाश ' ।

कैरियर

अमिताभ ने फिल्मों में अपने कैरियर की शुरुआत ख्वाजा अहमद अब्बास के निर्देशन में बनी फिल्म ' सात हिंदुस्तानी ' के साथ कलाकारों में एक कलाकार के रूप में की । फिल्म ने वित्तीय सफलता प्राप्त नहीं की पर बच्चन ने अपनी पहली फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ नवागंतुक का पुरस्कार जीता | लेकिन अमिताभ बच्चन की पहली आठ फिल्में बड़ी फलोप थीं । अब बच्चन ने 175 फिल्म में अभिनय किया है और आज बच्चन उन अभिनेतावों में एक है जिन्होंने अधिक फिल्मों में अभिनय किया है ।

आवाज

अमिताभ बच्चन अपनी जबरदस्त आवाज के लिए जाने जाते हैं | वे बहुत से कार्यक्रमों में एक वक्ता , पार्श्व गायक और प्रस्तोता रह चुके हैं | बच्चन के आवाज से प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक सत्यजीत रे इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने ' शतरंज के खिलाड़ी ' में इनकी आवाज का उपयोग कमेंट्री के लिए करने का निर्णय किया । उद्योग में प्रवेश करने से पहले , बच्चन ने ' ऑल इंडिया रेडियो ' में समाचार वायक नामक पद हेतु नौकरी के लिए आवेदन किया जिसके लिए इन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था ।

पुरस्कार , सम्मान और पहचान

